भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*31
बुधवार, 5 फरवरी, 2020/16 माघ, 1941 (शक)

बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर
संबंधी योजनाएं

*31. श्री राजमणि पटेलः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान शिक्षित तथा अशिक्षित बेरोजगार युवाओं की संख्या सहित वर्षवार कितने व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया, तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान निर्धारित/प्राप्त किए गए लक्ष्यों सहित देश में शिक्षित और अशिक्षित युवाओं के लिए अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सीमांत कामगारों के कौशल में वृद्धि करने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु किए गए उपायों सहित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के और अधिक अवसर सृजित करने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

"बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर संबंधी योजनाएं" के संबंध में श्री राजमणि पटेलः द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *31 के लिए दिनांक 05.02.2020 को दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क से ग): नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को गति प्रदान करने और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं। देश में इन योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से सृजित रोजगार के राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरे उपलब्ध सीमा तक अनुबंध- I, II, III एवं IV में दिए गए हैं।

इसके अलावा, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक राज्य-वार अनुमानित बेरोजगारी दर जिसमें शिक्षित और अशिक्षित व्यक्ति भी शामिल है अनुबंध-V में दी गई है।

स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय देश भर में चार वर्षों अर्थात् 2016-2020 से अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) एवं पूर्व सीखने को मान्यता (आरपीएल) के तहत एक करोड़ व्यक्तियों को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-20 नामक एक फ्लैगशीप योजना का कार्यान्वयन कर रहा है। 17.01.2020 तक पीएमकेवीवाई के तहत देश भर में 16.6 लाख (लगभग) अभ्यर्थी नियोजित हो चुके हैं।

सरकार ने स्व-रोजगार को सुकर बनाने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आरंभ की है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का गैर-जमानती ऋण प्रदान किया जाता है।

सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है तथा इसमें रोजगार चाहने वालों हेतु आजीविका संबंधी विषय-वस्तु का भंडार है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्द्धन योजना (एनएपीएस) जैसी योजनाएं, जिनमें सरकार शिक्षुओं को देय वृत्तिका के 25 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति करती है, भी रोजगार प्राप्त करवाने हेतु युवाओं की नियोजनीयता को बढ़ाती हैं।

*****

**अनुबंध -I**

राज्य सभा के दिनांक 05.02.2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *31 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

**प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत सृजित रोजगार का राज्य /संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | अनुमानित सृजित रोजगार (व्यक्तियों की संख्या) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20#** |
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1398 | 1744 | 1832 | 216 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 14148 | 12216 | 17760 | 8200 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 1984 | 1672 | 2240 | 896 |
| 4. | असम | 31498 | 18256 | 29896 | 7216 |
| 5. | बिहार | 25872 | 18456 | 26424 | 6224 |
| 6. | चंडीगढ़ | 376 | 360 | 224 | 72 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 12856 | 11704 | 24752 | 8432 |
| 8. | दिल्ली | 952 | 920 | 1056 | 368 |
| 9. | गोवा | 660 | 400 | 624 | 312 |
| 10. | गुजरात* | 11629 | 15008 | 28000 | 19032 |
| 11. | हरियाणा | 11016 | 13744 | 17320 | 6752 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | 6916 | 7088 | 11192 | 5456 |
| 13. | जम्मू और कश्मीर | 11691 | 30024 | 60232 | 17488 |
| 14. | झारखंड | 10400 | 8888 | 14376 | 3856 |
| 15. | कर्नाटक | 30286 | 16920 | 29256 | 13800 |
| 16. | केरल | 13068 | 10776 | 19888 | 8064 |
| 17. | मध्य प्रदेश | 15520 | 14432 | 20208 | 5552 |
| 18. | महाराष्ट्र** | 17799 | 26632 | 45136 | 16992 |
| 19. | मणिपुर | 8419 | 4800 | 10328 | 2680 |
| 20. | मेघालय | 2632 | 600 | 3120 | 1072 |
| 21. | मिजोरम | 3400 | 1992 | 8984 | 2144 |
| 22. | नागालैंड | 7783 | 7440 | 9664 | 1992 |
| 23. | ओडिशा | 20392 | 19192 | 24560 | 6688 |
| 24. | पुडुचेरी | 699 | 352 | 608 | 264 |
| 25. | पंजाब | 9858 | 12160 | 14408 | 6488 |
| 26. | राजस्थान | 13408 | 12614 | 18872 | 8632 |
| 27. | सिक्किम | 201 | 296 | 440 | 256 |
| 28. | तमिलनाडु | 25764 | 32760 | 41480 | 17192 |
| 29. | तेलंगाना | 6445 | 9520 | 16408 | 7776 |
| 30. | त्रिपुरा | 17961 | 8928 | 9432 | 1712 |
| 31. | उत्तर प्रदेश | 36315 | 43456 | 41944 | 12656 |
| 32. | उत्तराखंड | 9890 | 12904 | 17448 | 5136 |
| 33. | पश्चिम बंगाल | 26604 | 10928 | 19304 | 8224 |
| | योग | **407840** | **387182** | **587416** | **211840** |

स्रोतः सूक्ष्मलघू एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ,

* दमन एवं दीव सहित

** दादर एवं नगर हवेली सहित

#अक्तूबर, 2019 तक

**अनुबंध -II**

राज्य सभा के दिनांक 05.02.2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *31 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत सृजित मानव दिवस राज्य /संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

| | | सृजित मानव दिवस (करोड़ में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20#** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 20.59 | 21.21 | 24.65 | 15.78 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.85 | 0.43 | 0.69 | 0.58 |
| 3 | असम | 4.66 | 4.81 | 5.33 | 4.60 |
| 4 | बिहार | 8.58 | 8.17 | 12.34 | 10.35 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 8.86 | 11.99 | 13.86 | 10.35 |
| 6 | गोवा | 0.013 | 0.010 | 0.0015 | 0.002 |
| 7 | गुजरात | 2.71 | 3.53 | 4.20 | 2.81 |
| 8 | हरियाणा | 0.85 | 0.90 | 0.78 | 0.66 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2.37 | 2.20 | 2.85 | 2.01 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 3.16 | 3.71 | 3.69 | 1.53 |
| 11 | झारखंड | 7.07 | 5.93 | 5.37 | 5.43 |
| 12 | कर्नाटक | 9.14 | 8.57 | 10.45 | 9.39 |
| 13 | केरल | 6.85 | 6.20 | 9.75 | 6.16 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 11.30 | 16.22 | 20.30 | 16.04 |
| 15 | महाराष्ट्र | 7.09 | 8.25 | 8.46 | 4.96 |
| 16 | मणिपुर | 1.19 | 0.61 | 1.17 | 1.63 |
| 17 | मेघालय | 2.83 | 2.92 | 3.42 | 2.40 |
| 18 | मिजोरम | 1.68 | 1.44 | 1.81 | 1.68 |
| 19 | नागालैंड | 2.91 | 2.00 | 1.33 | 0.96 |
| 20 | ओडिशा | 7.74 | 9.22 | 8.31 | 8.01 |
| 21 | पंजाब | 1.58 | 2.23 | 2.04 | 1.95 |
| 22 | राजस्थान | 25.97 | 23.98 | 29.42 | 28.04 |
| 23 | सिक्किम | 0.46 | 0.35 | 0.34 | 0.22 |
| 24 | तमिलनाडु | 39.99 | 23.89 | 25.77 | 21.04 |
| 25 | तेलंगाना | 10.82 | 11.48 | 11.77 | 9.75 |
| 26 | त्रिपुरा | 4.61 | 1.76 | 2.53 | 2.78 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 15.75 | 18.15 | 21.22 | 20.44 |
| 28 | उत्तराखंड | 2.37 | 2.23 | 2.22 | 1.34 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 23.56 | 31.26 | 33.83 | 16.65 |
| 30 | अंडमान और निकोबार | 0.04 | 0.02 | 0.02 | 0.02 |
| 31 | लक्षद्वीप | 0.00001 | 0.0006 | 0.0010 | 0.0003 |
| 32 | पुडुचेरी | 0.05 | 0.07 | 0.07 | 0.06 |
| | योग | **235.64** | **233.74** | **267.99** | **207.62** |

स्रोतः ग्रमीण विकास मंत्रालय

#दिसम्बर, 2019 तक

**अनुबंध - III**

राज्य सभा के दिनांक 05.02.2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *31 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

**पं. दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्या योजना (डीडीयू-जीकेवाई)के तहत प्रशिक्षण के बाद रोजगार में रखे गए अभ्यर्थियों की कुल संख्या का राज्यवार विवरण।**

| | | प्रशिक्षण के बाद रोजगार में रखे गए उम्मीदवारों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20*** |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 18966 | 10954 | 24894 | 6106 |
| 2. | असम | 1479 | 3464 | 7397 | 11842 |
| 3. | बिहार | 4216 | 4859 | 5851 | 4381 |
| 4. | छत्तीसगढ़ | 1987 | 539 | 2583 | 3396 |
| 5. | गुजरात | 2075 | 160 | 1482 | 1896 |
| 6. | हरियाणा | 586 | 5832 | 3596 | 5657 |
| 7. | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 526 | 651 |
| 8. | जम्मू और कश्मीर | 6453 | 1424 | 631 | 1203 |
| 9. | झारखंड | 2355 | 2375 | 3585 | 6681 |
| 10. | कर्नाटक | 4432 | 4752 | 5411 | 5048 |
| 11. | केरल | 5598 | 4175 | 9656 | 5751 |
| 12. | मध्य प्रदेश | 3546 | 1823 | 2094 | 1732 |
| 13. | महाराष्ट्र | 3694 | 7390 | 4500 | 7113 |
| 14. | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 466 |
| 15. | मेघालय | 0 | 0 | 253 | 424 |
| 16. | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 302 |
| 17. | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 353 |
| 18. | ओडिशा | 45726 | 14035 | 31481 | 26072 |
| 19. | पंजाब | 0 | 563 | 1443 | 972 |
| 20. | राजस्थान | 3397 | 693 | 3381 | 4338 |
| 21. | सिक्किम | 70 | 0 | 64 | 32 |
| 22. | तमिलनाडु | 30780 | 765 | 185 | 1958 |
| 23. | तेलंगाना | 9150 | 9048 | 15604 | 6131 |
| 24. | त्रिपुरा | 342 | 526 | 2093 | 304 |
| 25. | उत्तर प्रदेश | 2052 | 892 | 4839 | 4701 |
| 26. | उत्तराखंड | 0 | 0 | 253 | 551 |
| 27. | पश्चिम बंगाल | 979 | 1518 | 3700 | 2801 |
| | **योग** | **147883** | **75787** | **135502** | **110862** |

स्रोतः ग्रमीण विकास मंत्रालय

*दिसम्बर, 2019 तक

<u>अनुबंध -IV</u>

राज्य सभा के दिनांक 05.02.2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *31 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

## दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के तहत नियोजन का राज्यवार विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | नियोजन किए गए कौशल प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20*** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 35882 | 12010 | 54610 | 6 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 113 | 622 | 1 |
| 3 | असम | 293 | 1284 | 452 | 426 |
| 4 | बिहार | 176 | 1546 | 826 | 625 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 5858 | 6476 | 5182 | 1041 |
| 6 | गोवा | 66 | 639 | 1255 | 27 |
| 7 | गुजरात | 3920 | 6388 | 13213 | 2727 |
| 8 | हरियाणा | 0 | 685 | 2945 | 336 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 86 | 100 | 417 | 100 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 25 | 115 | 84 |
| 11 | झारखंड | 2700 | 20795 | 6859 | 827 |
| 12 | कर्नाटक | 637 | 898 | 0 | 0 |
| 13 | केरल | 443 | 2413 | 4509 | 1392 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 38060 | 3039 | 32501 | 2784 |
| 15 | महाराष्ट्र | 11768 | 6083 | 29227 | 25715 |
| 16 | मणिपुर | 0 | 0 | 109 | 90 |
| 17 | मेघालय | 317 | 111 | 210 | 0 |
| 18 | मिजोरम | 147 | 91 | 1433 | 564 |
| 19 | नागालैंड | 341 | 1749 | 0 | 0 |
| 20 | ओडिशा | 2467 | 776 | 0 | 0 |
| 21 | पंजाब | 0 | 1139 | 1473 | 1176 |
| 22 | राजस्थान | 0 | 33 | 2725 | 1009 |
| 23 | सिक्किम | 0 | 0 | 248 | 0 |
| 24 | तमिलनाडु | 0 | 1156 | 2963 | 170 |
| 25 | तेलंगाना | 1861 | 10013 | 5070 | 989 |
| 26 | त्रिपुरा | 0 | 2 | 228 | 6 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 42174 | 30058 | 738 | 234 |
| 28 | उत्तराखंड | 1731 | 0 | 1076 | 77 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 2691 | 6919 | 8954 | 3554 |
| 30 | चंडीगढ़ | 283 | 875 | 262 | 106 |
| 31 | दिल्ली | 0 | 0 | 21 | 0 |
| | योग | **151901** | **115416** | **178243** | **44066** |

स्रोत: आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय

*** 27-01-2020 को**

**अनुबंध -V**

राज्य सभा के दिनांक 05.02.2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *31 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की उपलब्ध सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर सीमा तक बेरोजगारी दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा।

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | बेरोजगारी दर (% में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | श्रम ब्यूरो के सर्वेक्षण | | एनएसओ (पीएलएफएस) के सर्वेक्षण |
| | | **2013-14** | **2015-16** | **2017-18** |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2.9 | 3.5 | 4.5 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 6.7 | 3.9 | 5.8 |
| 3. | असम | 2.9 | 4.0 | 7.9 |
| 4. | बिहार | 5.6 | 4.4 | 7.0 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 2.1 | 1.2 | 3.3 |
| 6. | दिल्ली | 4.4 | 3.1 | 9.4 |
| 7. | गोवा | 9.6 | 9.0 | 13.9 |
| 8. | गुजरात | 0.8 | 0.6 | 4.8 |
| 9. | हरियाणा | 2.9 | 3.3 | 8.4 |
| 10. | हिमाचल प्रदेश | 1.8 | 10.2 | 5.5 |
| 11. | जम्मू और कश्मीर | 8.2 | 6.6 | 5.4 |
| 12. | झारखंड | 1.8 | 2.2 | 7.5 |
| 13. | कर्नाटक | 1.7 | 1.4 | 4.8 |
| 14. | केरल | 9.3 | 10.6 | 11.4 |
| 15. | मध्य प्रदेश | 2.3 | 3.0 | 4.3 |
| 16. | महाराष्ट्र | 2.2 | 1.5 | 4.8 |
| 17. | मणिपुर | 3.4 | 3.4 | 11.5 |
| 18. | मेघालय | 2.6 | 4.0 | 1.6 |
| 19. | मिजोरम | 2.0 | 1.5 | 10.1 |
| 20. | नागालैंड | 6.7 | 5.6 | 21.4 |
| 21. | ओडिशा | 4.3 | 3.8 | 7.1 |
| 22. | पंजाब | 5.4 | 5.8 | 7.7 |
| 23. | राजस्थान | 3.1 | 2.5 | 5.0 |
| 24. | सिक्किम | 7.1 | 8.9 | 3.5 |
| 25. | तमिलनाडु | 3.3 | 3.8 | 7.5 |
| 26. | तेलंगाना | 3.1 | 2.7 | 7.6 |
| 27. | त्रिपुरा | 6.2 | 10.0 | 6.8 |
| 28. | उत्तराखंड | 5.5 | 6.1 | 7.6 |
| 29. | उत्तर प्रदेश | 4.0 | 5.8 | 6.2 |
| 30. | पश्चिम बंगाल | 4.2 | 3.6 | 4.6 |
| 31. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 13.0 | 12.0 | 15.8 |
| 32. | चंडीगढ़ | 2.8 | 3.4 | 9.0 |
| 33. | दादर और नगर हवेली | 4.6 | 2.7 | 0.4 |
| 34. | दमन और दीव | 6.6 | 0.3 | 3.1 |
| 35. | लक्षद्वीप | 10.5 | 4.3 | 21.3 |
| 36. | पुडुचेरी | 8.8 | 4.8 | 10.3 |
| | अखिल भारत | **3.4** | **3.7** | **6.0** |

स्रोत: 1. वार्षिक रिपोर्ट, पीएलएफएस, 2017-18, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय;

2. रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण, श्रम ब्यूरो।

टिप्पणी: पीएलएफएस और श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण पद्धति तथा प्रतिदर्श चयन अलग-अलग है।